गेल) इंडिया (लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110 066
{ सीआईएन: L40200DL1984GOI18976}
फोन: 011-26182955, फैक्स : 011-26185941

नोटिस-वित्त वर्ष 2015-16 हेतु अंतरिम लाभांश के लिए रिकार्ड तारीख

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक मंगलवार, 9 फरवरी, 2016 को आयोजित की जानी है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ वित्त वर्ष 2015-16 के लिए कम्पनी के इक्विटी शेयरों पर अंतरिम लाभांश के भुगतान पर भी विचार किया जाएगा।

कंपनी ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित किए जाने पर उपर्युक्त अंतरिम लाभांश के लिए कम्पनी के सदस्यों की पात्रता निर्धारित करने के प्रयोजन से बुधवार, 17 फरवरी, 2016 को "***रिकार्ड तारीख***" निर्धारित की है। कंपनी के जिन सदस्यों के नाम उक्त 'रिकार्ड तारीख ' को शामिल होंगे वे अंतरिम लाभांश के पात्र होंगे :

क) सभी वैध और अंतरणों को प्रभावी करने के बाद आर एवं टीए/कंपनी में **बुधवार 17 फरवरी, 2016** को या उससे पहले दर्ज किए अनुसार कंपनी के सदस्यता रजिस्टर में वास्तविक रूप में शेयर धारण करने वाले सदस्य होंगे; तथा

ख) नेशनल सिक्युरिटीज़ (इंडिया) लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपोजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा प्रस्तुत विवरण के अनुसार ***इलैक्ट्रॉनिक रूप*** में शेयर धारण करने वाले हितलाभी स्वामी।

जिन सदस्यों ने अभी तक अपने ई-मेल आईडी पंजीकृत नहीं कराए हैं या जो अपना ई-मेल आईडी बदलना चाहते हों, उनसे अनुरोध है कि वे अपने संबंधित डीपी से संपर्क करें। सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपना ई-मेल आईडी डीपी/आर एंड टीए के साथ वैध रखें, जिससे उन्हें कंपनी द्वारा समय-समय पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भेजी जाने वाल सभी सूचनाएं जिसमें वार्षिक रिपोर्ट, सूचनाएं, परिपत्र इत्यादि शामिल हैं, प्राप्त हो सकें।

जिन सदस्यों ने अपने लाभांश वारंट(टों)) को अभी तक नहीं भुनाया है वे इस संबंध में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद रजिस्ट्रार एवं अंतरण एजेंट/कंपनी से ऐसे वारंट के बदले डिमांड ड्राफ्ट(टों) को जारी करने के लिए आईईपीएफ में स्थानांतरित करने की निर्धारित तिथि से कम-कम एक मास पूर्व संपर्क करें। सदस्य अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का इंवेस्टर जोन देखें। आर एंड टीए ने सदस्य(यों) की सुविधा के लिए admin@mcsregistrars.com तथा shareholders@gail.co.in ई-मेल आईडी (एमसीएस लिमिटेड, **यूनिट: गेल (इंडिया) लिमिटेड**,एफ–65, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया फेस-।, नई दिल्ली -110020) निर्दिष्ट की हैं ताकि सदस्य अपने अनुरोध/शिकायतें, यदि कोई हों, को दर्ज करा सकें।

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ताक्षर/-

(एन. के. नागपाल)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02.02.2016
वेवसाइट : www.gailonline.com